48 हजार के नकली नोटों के साथ एक गिरफ्तार

बशीरहाट थानांतर्गत मेरुदंडी इलाके से बुधवार रात 48 हजार के नकली नोटों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है.

बशीरहाट. उत्तर 24 परगना के बशीरहाट थानांतर्गत मेरुदंडी इलाके से बुधवार रात 48 हजार के नकली नोटों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार व्यक्ति का नाम सौमित्र कुमार मंडल बताया गया है. वह मेरुदंडी इलाके का रहनेवाला है. पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उसके पास जाली नोट हैं. इसके बाद ही देर रात पुलिस ने अभियान चलाकर उसके पास से जाली नोटों को बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया. पुलिस का कहना है किगिरफ्तार व्यक्ति के पास से 500 और 200 के नोटों के बंडल मिले हैं.

पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/west-bengal/one-arrested-with-fake-notes-worth-rs-48-thousand